## गुस्ताखी माफ



करते रहते हैं सदा, नेता बड़े कमाल।
देते ज़िम्मेदारियां, इक-दूजे पर टाल।
इक-दूजे पर टाल, चतुर होता है नेता।
खुद ले पल्ला झाड़, नाम दूजे का लेता।
कह साहिल कविराय, फूल हैं मुख से झरते।
सचमुच बड़े कमाल, सदा नेतागण करते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 81 | SATURDAY 04-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# जब इंटरनैशनल ब्रांड ही फेल, देसी उत्पादों की जांच कौन करेगा?

## बिम्बो ग्रुप के किटी बिस्किट सैंपल फेल: क्या सुरक्षित हैं बाजार के अन्य खाद्य उत्पाद?



अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/03 अप्रैल। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में इंटरनैशनल कंपनी बिम्बो ग्रुप के किटी ब्रांड के कुछ फूड प्रोडक्ट्स के सैंपल फेल होने के बाद लुधियाना में फूड सेफ्टी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आम धारणा रही है कि अंतरराष्ट्रीय ब्रांड गुणवत्ता के उच्च मानकों का पालन करते हैं, लेकिन इस मामले ने उपभोक्ताओं के भरोसे को झटका दिया है। जानकारी के अनुसार किटी इंडस्ट्री के पफी हार्ट बिस्किट और सूजी रस्क के सैंपल सेंट्रल फूड सेफ्टी अधिकारी द्वारा लिए गए थे, जो जांच में फेल पाए गए। इससे यह बहस तेज हो गई है कि जब बड़े ब्रांड के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतर रहे, तो स्थानीय और देसी कंपनियों के उत्पादों की स्थिति क्या होगी।




### मासिक सैंपलिंग बढ़ाने की मांग

शहरवासियों का कहना है कि लुधियाना जैसे बड़े औद्योगिक जिले में हर महीने कम से कम 300-400 फूड सैंपल की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए, जबकि वर्तमान लक्ष्य 200-250 सैंपल का बताया जाता है, जो कई बार पूरा भी नहीं हो पाता। नए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने कहा, हमारी प्राथमिकता तय सैंपलिंग लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना है। मिलावट या घटिया गुणवत्ता पाए जाने पर फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### बड़े करियाना स्टोर भी जांच के दायरे में आएं

शहर के घुमार मंडी, सिविल लाइंस समेत कई इलाकों में बड़े करियाना स्टोर्स पर नियमित सैंपलिंग नहीं होने की शिकायतें सामने आई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ सीधे लोगों की सेहत से जुड़े हैं, इसलिए इनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है।

### *दूध, मिठाई और बेकरी उत्पाद सबसे संवेदनशील*

*जनता का कहना है कि दूध और दूध से बने उत्पादों में मिलावट की शिकायतें सबसे अधिक आती हैं, खासकर गर्मियों में। इसके अलावा त्योहारों के दौरान मिठाइयों और बेकरी उत्पादों की जांच भी पर्याप्त नहीं हो पाती।*

### *जनहित में जरूरी कदम विशेषज्ञों का सुझाव है कि*

- सैंपलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमित बनाया जाए
- जांच रिपोर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर डाली जाए
- फेल सैंपल वाली कंपनियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं
- उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन और शिकायत प्रणाली को मजबूत किया जाए

**फूड सेफ्टी केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनहित का अहम मुद्दा है। ऐसे में सख्त निगरानी और जवाबदेही से ही उपभोक्ताओं का विश्वास कायम रखा जा सकता है।**






# एकमा से पहले G-13 की युवा कम्पनियों द्वारा साइकिल कीमतों में बढ़ोतरी इत्तेफाक या इंडस्ट्री लीडरों का तख्ता पलट के संकेत !

G-13 BICYCLE FORUM
Growth for all
(An Association of Small & Medium Scale Bicycle Manufacturers)

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/3 अप्रैल। बायसाइकिल इंडस्ट्री के एक यंग ग्रुप की ओर से जी-13 बायसाइकिल फोरम बनाई गई थी। जिसमें यंग साइकिल इंडस्ट्रियां शामिल थी। लेकिन इस फोरम द्वारा शुक्रवार को एक बड़ा फैसला करते हुए साइकिल कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया गया है। इस बढ़ोतरी का अहम कारण अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से रा मटीरियल महंगा होना है। इन कीमतों को सेगेमेंट के मुताबिक बढ़ाया गया है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पहले साइकिल के रेट एकमा (ऑल इंडिया साइकिल मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन) द्वारा बढ़ाए जाते थे। इस एसोसिएशन में हीरो, एवन, एटल्स, टीआई और हीरोटेक जैसे बढ़े घराने शामिल हैं। मगर अब एटल्स इससे बाहर होने पर चार घराने मुख्य हैं। लेकिन पहली बार जी-13 द्वारा इस रीत को तोड़ते हुए खुद ही रेट बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में पूरी बायसाइकिल इंडस्ट्री में चर्चा छिड़ गई है कि जी-13 का यह फैसला एक इत्तेफाक है या इंडस्ट्री लीडरों का तख्ता पलट के संकेत हैं।



जी-13 द्वारा मीटिंग कर किया गया ऐलान



**जी-13 ने ऐलान किए नए रेट...**जी-13 की ओर से बढ़ोतरी के साथ नई कीमतों का ऐलान किया है। जिसमें स्टैंडर्ड साइकिल पर 235 रुपए, एमटीबी और लेडीज साइकिल पर 260 रुपए, किड्स साइकिल पर 225 रुपए और मल्टीस्पीड साइकिल पर 350 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। फोरम ने यह भी फैसला लिया कि यह रेट एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक के लिए हैं। 15 अप्रैल को कीमतों की दोबारा समीक्षा होगी। यदि कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का यही रुझान जारी रहता है, तो प्रति साइकिल 100 रुपए तक और बढ़ोतरी की जा सकती है। फोरम के अध्यक्ष राजिंदर जिंदल, महासचिव रोहित फावा और कोऑर्डिनेटर उमेश नारंग ने बताया कि उद्योग पर बढ़ते लागत दबाव को देखते हुए यह निर्णय जरूरी हो गया था।

***क्या छोटी इंडस्ट्री खत्म करने का प्रयास...**वहीं चर्चा है कि बायसाइकिल सेक्टर में चार नामी बड़ी कंपनियों और यंग कंपनियों के बीच बिजनेस वॉर चल रही है। जिसके नतीजे अब सामने आने शुरू हो चुके हैं। वहीं यह भी चर्चा है कि कच्चा माल महंगा होने के बावजूद बड़ी कंपनियों द्वारा रेट नहीं बढ़ाए जा रहे थे। शायद वह रेट न बढ़ाकर घाटा पड़ने पर छोटे ब्रांड्स के खुद खत्म हो जाने के प्रयास में लगे थे। जिसके नतीजे में कंपनियों ने अपना बचाव करते हुए खुद ही अपने सत्र पर रेट बढ़ा दिए हैं।*

ALL INDIA CYCLE MANUFACTURERS' ASSOCIATION AICMA

**कई नामी कंपनियां पहले ही दे चुकी रिजाइन...**बता दें कि मार्च 2025 में एकमा की मेंबर रही सेठ इंडस्ट्री, एसके बाइक्स और विशाली साइकिल द्वारा मेंबरशिप छोड़ दी थी। जिसका मुख्य कारण आपसी विचारधारा न मिलना था। इंडस्ट्री सेक्टर का मानना है कि एकमा में शामिल बिजनेस लीडर्स अपनी अलग सोच के मुताबिक चल रहे हैं। इसी वजह से जी-13 लगातार ग्रोथ पर जा रही है। चर्चाएं हैं कि कही जी-13 का यह स्टैप एकमा की मोनोपली तोड़ने की तरफ तो नहीं है।

**यूथ कंपनियों के प्रोडक्ट्स ज्यादा अच्छे...**वहीं बाजार में चर्चा है कि यूथ कंपनियों द्वारा तैयार किए जा रहे प्रोड्क्ट्स दूसरी कंपनियों से ज्यादा अच्छे हैं। उक्त प्रोड्क्ट्स ज्यादा विश्वासनीय और कम कीमत वाले हैं। जिसके चलते लोगों द्वारा उसे शौंक से खरीदा भी जा रहा है। ऐसे में चर्चाएं हैं कि आने वाले समय में साइकिल इंडस्ट्री सेक्टर में बढ़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**लीडर्स नहीं अदा कर रहे सही रोल...**वहीं यूसीपीएमए के पूर्व प्रधान चरणजीत सिंह विश्वकर्मा द्वारा पहले कई बार बातों में संकेत दिए जा चुके हैं। जिनका कहना था कि साइकिल इंडस्ट्री में बड़े लीडर्स द्वारा सही तरीके से अपना रोल अदा नहीं किया जा रहा।

**हमेशा एकमा के मंच से ही रेट का होता था ऐलान...**जानकारी के अनुसार एकमा में बायसाइकिल इंडस्ट्री के बढ़े घराने शामिल हैं। जिसके चलते उन्हें ही इंडस्ट्री का मुखी समझा जाता है। ऐसे में जब भी रेट बढ़ोतरी हुई तो एकमा के मंच से ही ऐलान हुआ। जिसके चलते बढ़ी साइकिल इंडस्ट्री द्वारा जो रेट रखा जाता था, उसी के मुताबिक थोड़ा कम करके मीडियम और फिर और थोड़ा कम करके स्मॉल स्केल इंडस्ट्री रेट रखती थी। मगर इस बार इस कल्चर को साइड करते हुए यंगसट्र्स द्वारा खुद कीमतें बढ़ा दी हैं।

# चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई: क्रेडिट कार्ड फ्रॉड में एक आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, यूटी चंडीगढ़ ने क्रेडिट कार्ड से अवैध ट्रांजैक्शन करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ते साइबर फ्रॉड मामलों पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। यह कार्रवाई एसपी साइबर गीतांजली खंडेलवाल (आईपीएस) के निदेशों, डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी के मार्गदर्शन तथा सेक्टर-17 स्थित साइबर क्राइम थाने के एसएचओ की निगरानी में की गई। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम, चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर 94, दिनांक 06.08.2025 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहित सैनी (29), निवासी हिसार (हरियाणा) को गिरफ्तार किया है। यह मामला चंडीगढ़ निवासी अमनप्रीत सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के कुल 2,95,858 रुपये के कई ट्रांजैक्शन हो गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने न तो किसी के साथ ओटीपी साझा किया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया। जांच के दौरान सामने आया कि यह फर्जी ट्रांजैक्शन 'पोलो ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स' नामक मर्चेंट के जरिए किए गए, जिसे आरोपी मोहित सैनी संचालित कर रहा था। आगे की जांच में पता चला कि ठगी की रकम इसी फर्म के बैंक खाते के माध्यम से ट्रांसफर की गई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने बैंक खाते को सह-आरोपियों को उपलब्ध कराकर साइबर ठगी में सहयोग करता था। यह गिरोह मालिशियस APK फाइल्स के जरिए लोगों को ठगता था और अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से रकम को घुमाता था।

## पुलिस की लोगों को सलाह:

साइबर क्राइम पुलिस ने आम जनता को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि—

- किसी भी प्रकार के वेरिफिकेशन, गिरफ्तारी से बचने या फर्जी केस निपटाने के नाम पर पैसे न भेजें।
- अपने पहचान दस्तावेज केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही दें।
- किसी को भी अपना सिम कार्ड या बैंक खाता किराये पर न दें।
- TAFCOP पोर्टल के जरिए अपने नाम पर जारी सिम कार्ड की जांच करें।
- व्हाट्सऐप की प्राइवेसी सेटिंग बदलकर अनजान कॉल्स को ब्लॉक करें।
- आधार बायोमेट्रिक लॉक कर रखें।
- किसी भी संदिग्ध कॉल की पुष्टि स्थानीय पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर करें।

# दुबई मार्केट गिरावट का असर, लुधियाना बना निवेशकों की नई पसंद : चेयरमैन बिंद्रा







लुधियाना/यूटर्न/03 अप्रैल। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुबई प्रॉपर्टी मार्केट में आई गिरावट और गल्फ क्षेत्र के अस्थिर माहौल का सीधा असर अब लुधियाना के रियल एस्टेट सेक्टर पर देखने को मिल रहा है। खासकर एनआरआई निवेशकों और पंजाब के व्यापारियों का रुझान तेजी से लुधियाना की प्रॉपर्टी की ओर बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय बाजार में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, दुबई में निवेश से निकल रही पूंजी अब सुरक्षित और स्थिर विकल्प के रूप में लुधियाना की जमीन और कमर्शियल प्रॉपर्टी में लगाई जा रही है। इसके साथ ही, मंत्री संजीव अरोड़ा के प्रयासों से शुरू होने जा रहा हलवारा एयरपोर्ट शहर की कनेक्टिविटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएगा, जिससे रियल एस्टेट की मांग और कीमतों में तेजी आने की संभावना है। पंजाब व्यापार मंडल के चेयरमैन राजू बिंद्रा ने कहा, लुधियाना आज निवेश के लिए सबसे मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने से न केवल कारोबार बढ़ेगा बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर को भी बड़ा बूस्ट मिलेगा। आने वाले समय में यहां प्रॉपर्टी की कीमतों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा सकती है। रियल एस्टेट से जुड़े जानकारों का मानना है कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योगिक विकास और बढ़ती कनेक्टिविटी के चलते लुधियाना आने वाले समय में निवेशकों की पहली पसंद बन सकता है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शनिवार, 04 अप्रैल 2026



पेज 06 मां बगलामुखी धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के ....

## गिल रोड पर नियमों के उल्ट बिल्डिंग कंपाउंड करने का मामला

# कंपाउंडिंग परमिशन देने वाले अधिकारी अपने बचाव में जुटे, धोखे से साइन कराने की बात कह कर रहे गुमराह

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/3 अप्रैल। कारपोरेशन जोन-सी के अधीन आती गिल रोड, लोहा मार्केट में पंजाब हार्डवेयर स्टोर की बैक साइड़ सड़क पर बांसल कांप्लेक्स में रमन स्टील फर्म द्वारा कमर्शियल इमारत बनाई जा रही है। चर्चा है कि उक्त बिल्डिंग को बिल्डिंग ब्रांच द्वारा इललीगल ढंग से नियमों के उल्ट कंपाउंड किया है। मगर अब इस मामले का खुलासा होने पर यह विवाद उच्च अधिकारियों के पास पहुंच गया है। अधिकारियों के हस्ताक्षेप के बाद गलत कंपाउंडिंग करने वाले अफसरों को हाथ-पांव की पड़ गई है। हालांकि कंपाउंडिंग में शामिल रहे कुछ अधिकारियों का जोन-सी से तबादला हो चुका है। वहीं कुछ अधिकारी अभी भी वहीं तैनात है। तबादले वाले अधिकारी अपना बचाव करने और खुद को सही साबित करने के लिए नए नए बहाने बनाने में लगे हुए हैं। हालांकि उनके साइन होने के बाद ही कंपाउंडिंग की परमिशनें दी गई है। चर्चा के अनुसार अधिकारी बोल रहे हैं कि उन्हें गुमराह करके साइन करवाए गए हैं। जिससे शहर में चर्चा छिड़ गई कि ऐसे तो अधिकारियों को लोग गुमराह कर किसी भी बिल्डिंग को कंपाउंड करके अवैध कार्य करने लग जाएंगे।



### क्या है कंपाउंडिंग का प्रोसेस

जानककारी के अनुसार जब कोई बिल्डिंग कंपाउंड करनी होती है तो बिल्डिंग इंस्पेक्टर मौके पर जाते हैं। जिनकी और से मौका देखा जाता है और जमीन मालिक से उसके दस्तावेज लिए जाते हैं। कमर्शियल और इंडस्ट्रियल बिल्डिंग के मुताबिक कितना एरिया कवर किया जा सकता है, उसकी रिपोर्ट बनाई जाती है। फिर एस्टिमेंट बनाकर एटीपी को फाइल दी जाती है। एटीपी द्वारा इसकी अप्रूवल देते हुए साइन किए जाते हैं। अगर बिल्डिंग मालिक कंपाउंडिंग फीस फूल एंड फाइनल जमा कराने को तैयार हो तो एमटीपी के भी साइन होते हैं। अगर पेमेंट पॉर्ट टाइम में करनी हो तो उसकी मंजूरी एटीपी द्वारा दी जाती है।

### क्या ऐसे अधिकारियों पर एक्शन लेगा विभाग

चर्चा है कि गिल रोड की बिल्डिंग को कंपाउंड करने की परमिशनें एटीपी द्वारा दी गई थी। हालांकि उक्त एटीपी का अब तबादला हो चुका है। जिसके चलते अब वह नई जगह पर नए खेल कर रहे हैं। वहां भी पिछले कुछ दिनों के दौरान उनके द्वारा की गई बिल्डिंगों पर कार्रवाई सवालों के घेरे में हैं। लेकिन अब देखना होगा कि क्या विभाग द्वारा इस खेल में शामिल अधिकारियों पर एक्शन लिया जाएगा या उनके बहाने सुनकर छोड़ दिया जाएगा।

### फाइल पढ़कर करते हैं साइन, फिर गुमराह कैसे किया

एक्सपर्ट के मुताबिक एटीपी द्वारा जब भी ऐसी संवेदनशील फाइल पर हस्ताक्षर किए जाते हैं, तो पहले अधिकारी द्वारा उसे पूरा पढ़ा जाता है। चैक किया जाता है कि इंस्पेक्टर द्वारा सही एस्टिमेंट बनाया गया है और जिन मापदंडों के तहत कंपाउंडिंग हो रही है, वह सही है या नहीं। करीब एक हफ्ते की जांच के बाद एटीपी को सही लगे तो वह फाइल पास करते हैं, कुछ गलत होने की आशंका पर, उसे रोक देते हैं। मगर अब इस मामले में अधिकारी गुमराह करने की बात कर रहे हैं, जो किसी भी सुरत में हो नहीं सकता।



### इंस्पेक्टर से नहीं हो सका संपर्क

वहीं मामले के मौजूदा स्टेट्स संबंधी इंस्पेक्टर दलीप कुमार सोनी से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। हालांकि पहले उन्होंने मामले की जांच करने की बात कही थी। वहीं बिल्डिंग मालिक रमनदीप सिंह द्वारा लीगल तरीके से निर्माण करने की बात कही गई है।

### इंस्पेक्टर से मंगवाए गए हैं दस्तावेज

*एटीपी रणधीर सिंह अनुसार इंस्पेक्टर से बिल्डिंग की फाइल मंगवाई है। अगर कंपाउंडिंग गलत हुई, तो कार्रवाई की जाएगी।*

### क्या ऐसे अधिकारियों को फ्रंटलाइन पर रखना सही ?

***वहीं शहर में चर्चा है कि बिल्डिंग ब्रांच निगम का सबसे अहम विभाग है। ऐसे में अगर वहीं के अधिकारी गुमराह करने या बिना देखें फाइलें पास कर देगें, तो शहर का नक्शा खराब होना तो स्वाभिक है। ऐसे में चर्चा है कि क्या विभाग को इंटेलिजेंट अधिकारियों की जरुरत है, जिन पर न तो कभी दबाव पड़ सके और वे पहली नजर में ही फाइल सही है या गलत समझकर एक्शन ले सकें। चर्चा है कि ऐसे अधिकारियों को अगर अभी भी फ्रंटलाइन पर रखा जाएगा तो कल को वह कोई बड़ा नुकसान करके पूरे विभाग को परेशानी में डाल देगें।***

# ऑडी कार से नशा तस्करी करती लुधियाना की दो महिलाएं गिरफ्तार, एमपी से पंजाब ले जा रही थीं नशा

चंडीगढ़/यूटर्न/3 अप्रैल। कोटा में पुलिस ने ऑडी कार से नशे की तस्करी कर रही दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। हरियाणा नंबर की ऑडी कार को जब्त किया है। दोनों महिलाएं पान-मशाला के बैग में 41 किलो डोडा चूरा भरकर मध्य प्रदेश से पंजाब ले जा रही थीं। दोनों आरोपी महिलाएं पंजाब की रहने वाली हैं। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान परमजीत कौर (47) निवासी संगरूर और गुलशन कौर (40) निवासी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है। मामला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चेचट इंटरचेंज के पास का गुरुवार का है। पुलिस ने शुक्रवार को पूरे मामले का खुलासा किया। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया- मामला 2 अप्रैल का है। दिल्ली, वडोदरा, मुंबई एक्सप्रेस-वे के चेचट इंटरचेंज पर पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान हरियाणा नंबर की कार गरोठ (मध्यप्रदेश) की तरफ से आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर ड्राइवर ने गाड़ी को अस्थायी टोल की बजाय मेन टोल की ओर तेजी से मोड़ने का प्रयास किया। इससे पुलिस को शक हुआ।









### 41 किलो नशे का सामान मिला

थानाधिकारी मदन ढाका के नेतृत्व में टीम ने कार को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान कार से पान मसाले के 4 बैग बरामद हुए, जिनमें कुल 41 किलो 184 ग्राम अफीम का डोडा-चूरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

### मध्यप्रदेश से लुधियाना जा रहा था नशे का सामान

परमजीत कौर और गुलशन कौर ने पूछताछ में बताया कि वे यह डोडा-चूरा गरोठ, मध्यप्रदेश से लुधियाना ले जा रही थीं। थाना चेचट में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इस तस्करी नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं। यह मादक पदार्थ कहां सप्लाई किया जाना था।

# मनीमाजरा मोटर मार्केट में विशाल रक्तदान व चिकित्सा शिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। मनीमाजरा की मोटर मार्केट में व्यापारियों और शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी.) पंचकुला के संयुक्त सहयोग से विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर का आयोजन ट्रस्ट के प्रेसिडेंट राकेश संगर के मार्गदर्शन में किया गया।



रक्तदान शिविर में पीजीआई चंडीगढ़ की मोबाइल ब्लड डोनेशन बस ने डॉक्टर अनुभव के नेतृत्व में सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान ईशा, दलमीत, मोहन, संजय और मनदीप सहित स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, चिकित्सा जांच शिविर में ळउकफाउंडेशन के डॉक्टर अमरदीप सिंह और नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर काजल ने मरीजों की विस्तृत जांच की। इस दौरान तबस्सुम, राजेश कुमारी और जसप्रीत कौर ने सहयोगी स्टाफ के रूप में सेवाएं दीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मोटर मार्केट के व्यापारियों का विशेष योगदान रहा। स्थानीय व्यवसायियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे यह शिविर बड़े स्तर पर सफल हो सका। इस मौके पर 'ऑल मनीमाजरा वेल्फेयर एसोसिएशन' के प्रधान एस.एस. परवाना, मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन सुभाष धीमान और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने आयोजकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यो से जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलती है। शिविर के बाद विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अंत में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# मेयर पदमजीत सिंह मेहता की अगुवाई में एफ एंड सीसी बैठक सम्पन्न, 71 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

## पटियाला फाटक के पास श्री श्री 108 संत श्री नवल साहिब महाराज मार्ग दर्शनी गेट के निर्माण को मंजूरी

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/03 अप्रैल। महापौर श्री पदमजीत सिंह मेहता की अगुवाई में फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (F&CC) की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें करीब 71 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करके उन्हें पारित किया गया। इस दौरान मेयर के साथ कमिश्नर मैडम लवजीत कौर कलसी, जॉइंट कमिश्नर श्री राकेश मीणा, सीनियर डिप्टी मेयर श्री शाम लाल जैन, एसई श्री संदीप रोमाणा, एक्सईएन श्री राजिंदर कुमार व श्री नीरज कुमार सहित एफ एंड सीसी मैंबर मैडम प्रवीण गर्ग, श्री उमेश गर्ग गोगी, श्री रतन राही तथा मेयर के पीए श्री सुरेश सेतिया उपस्थित थे। मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सड़कों के कायाकल्प, आधुनिक मशीनों से सफाई व धुलाई, बरसाती पानी की निकासी के लिए रोड जालियों की सफाई एवं व्यवस्था, सामान्य मरम्मत और सिविल वर्क्स जैसे अहम कार्यों



को पास किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से बठिंडा को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वार्ड नंबर 48 में लाइब्रेरी सह सीनियर सिटीजन होम तथा वार्ड नंबर 18 में कम्युनिटी सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा शहीद जरनैल सिंह चौक के नवीनीकरण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। मेयर श्री मेहता ने बताया कि सरहिंद नहर के नजदीक करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से एक सुंदर नेचर पार्क विकसित करने की योजना को भी मंजूरी दी गई है, जिससे शहरवासियों को बेहतर वातावरण और मनोरंजन की सुविधाएं मिल सकेंगी। बैठक में बहमन रोड पर स्थित विश्वास नगर में भगवान परशुराम भवन के निर्माण कार्य को भी हरी झंडी दी गई। इसके साथ ही पटियाला फाटक के पास श्री श्री 108 संत श्री नवल साहिब महाराज मार्ग दर्शनी गेट के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई। मेयर ने विश्वास जताया कि इन सभी विकास कार्यों के पूरा होने के बाद बठिंडा शहर आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# 'शिक्षा रथ' के साथ निकला नामांकन अभियान, 10,000 नए एडमिशन का लक्ष्य



निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न 3 अप्रैल। धार्मिक आस्था और शिक्षा जागरूकता का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला जब गत दिवस हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पानीपत में भव्य शोभायात्रा के साथ-साथ जिला शिक्षा विभाग का 'शिक्षा रथ' भी आकर्षण का केंद्र बना। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा के नेतृत्व में निकले इस शिक्षा रथ ने पूरे शहर में शिक्षा का संदेश गूंजा दिया। रथ की अगुवाई जिला समन्वयक संदीप रत्तेवाल ने की, जिन्होंने झांकियों के साथ कदम से कदम मिलाकर सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक नामांकन करवाने का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षा रथ रंग-बिरंगी हनुमान जयंती की झांकियों के साथ चलता रहा, जिसमें भक्ति और शिक्षा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने रथ का स्वागत किया और शिक्षा के इस अभियान को सराहा। जिला शिक्षा विभाग ने इस अवसर पर स्पष्ट संदेश दिया कि इस बार मिशन मोड में कार्य करते हुए पानीपत के सरकारी विद्यालयों में 10,000 नए दाखिले सुनिश्चित किए जाएंगे। अधिकारियों और शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे सरकारी स्कूलों की बेहतर सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाएं। इस भव्य रैली में विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों के साथ-साथ एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में बैनर लेकर शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। इस मौके पर मीना कुमारी, नरेश कुमारी, संदीप कुमार, अनिल कुमार, रोशन लाल, पूजा, रेखा छिक्कारा, वर्षा कुमारी, मुकेश कुमार, जितेंद्र सहित अनेक शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा की। पूरे आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब शिक्षा और समाज एक साथ कदम बढ़ाते हैं, तो बदलाव निश्चित होता है। गत दिवस हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर शिक्षा रथ ने न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ाया, बल्कि शिक्षा के महत्व को भी हर घर तक पहुंचाने का कार्य किया।

## नशीली गोलियों सहित 4 गिरफ्तार, अलग-अलग थानों में केस दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/अप्रैल। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 4 व्यक्तियों को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। थाना सुधार पुलिस ने इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह की अगुवाई में एक व्यक्ति को 15 नशीली गोलियों सहित काबू किया। इसके अलावा थाना सिटी जगरांव पुलिस ने एएसआई बलविंदर सिंह की अगुवाई में 25 नशीली गोलियां सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। वहीं थाना सदर जगरांव पुलिस ने ही एएसआई कुलवंत सिंह की अगुवाई में एक अन्य व्यक्ति को 28 नशीली टैबलेट्स सहित गिरफ्तार किया।

# विधायक बग्गा ने फुरसत के पलों में स्थानीय निवासियों के साथ संवाद कर सांझे किए दुख-सुख



लुधियाना/यूटर्न/3 अप्रैल। विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने व्यस्त राजनितिक में से मिले फुरसत के पलों का सदुपयोग कर वार्ड-88, वार्ड-66 व वार्ड-93 के लोगों के साथ रुबरु होकर सीधा संवाद किया। जनमानस से रुबरु होते हुए बग्गा ने आम आदमी पार्टी सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा की। वहीं उनके साथ रोजमर्रा की घरेलू जरुरतों सहित पारिवारिक पृष्ठभूमि पर भी खुल कर विचार चर्चा की। जिसमें परिवार के बुजुर्ग सदस्यों के रहन-सहन, गुजारे के लिए सरकारी पैंशन, बच्चों की पढ़ाई व दवाई के खर्चो सहित परिवार की आय के साधनों पर भी चर्चा कर उन्हें सरकारी योजनाओ का लाभ कैसे लें की विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करवा कर अपनेपन का अहसास करवाया। विधायक बग्गा ने कहा विधानसभा उतरी की जनता के साथ सिर्फ राजनितिक ही नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ते भी हैं। स्थानीय लोगों ने पारिवारिक जानकारी हासिल करने पर विधायक बग्गा का आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्होने कभी सोचा ही नहीं था कि कोई राजनितिक नेता उनके परिवार के दुख-सुख भी सांझे करेगा। इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा, पार्षद नीरज आहूजा बूटा, मनीषा कपूर, गुरवीर गोलू बाजवा, नरिन्द्र मक्कड़, दशमेश सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।

# एलपीजी पर कैबिनेट मंत्री कटारूचक्क की चेतावनी, बोले- डेढ़ माह का स्टॉक, ब्लैक किया तो कार्रवाई



पंजाब/यूटर्न/3 अप्रैल। ईरान-इजराइल जंग के चलते पैदा हुए हालात में गैस और पेट्रोलियम पदार्थो की कालाबाजारी को लेकर पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अभी तक गैस को लेकर कोई किल्लत नहीं है। ऐसे में कोई अफवाह पैदाकर फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पंजाब में मौजूदा पेट्रोलियम पदार्थो की स्थिति के मद्देनजर पठानकोट में पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क की ओर से गैस एजेंसी मालिकों और विभिन्न पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जनता को दैनिक उपयोग वाली गैस और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करना और किसी भी तरह की कालाबाजारी या जमाखोरी को रोकना था। ये बैठक जिला प्रशासनिक परिसर में की गई। बैठक में डिप्टी कमिश्नर पठानकोट डॉ.पल्लवी भी उपस्थित रहीं।

### गैस की किल्लत नहीं, लोग घबराएं नहीं.

इस दौरान, कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि जिला अधिकारियों द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा स्थिति के बावजूद पठानकोट जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और लगभग डेढ़ महीने का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। इसलिए आम जनता को घबराने या अतिरिक्त स्टॉक जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शनिवार, 04 अप्रैल 2026



पेज 12 एफ-35 से इजेक्ट होने के बाद यूएस पायलट को...

# नगर निगम बिजली विभाग पर गंभीर आरोप: हल्लोमाजरा में फोन ब्लैकलिस्ट कर शिकायतें दबाने की बात सामने आई

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। हल्लोमाजरा स्थित वार्ड नंबर-20 में बिजली व्यवस्था को लेकर नगर निगम के इलेक्ट्रिकल विभाग पर लापरवाही और मनमानी के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद सिंह ने विभागीय अधिकारियों पर जनता की शिकायतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। अरविंद सिंह के मुताबिक उन्होंने अपनी समस्या को लेकर इलेक्ट्रिकल एसडीओ राजदीप से संपर्क किया, जिसके बाद उन्हें एसडीओ रूदेश और जेई सनी ठाकुर के संपर्क नंबर दिए गए। हालांकि, दोनों अधिकारियों ने उनके फोन कॉल का कोई जवाब नहीं दिया।



उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों ने उनका मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल रखा है। उनका कहना है कि जब उन्होंने दूसरे नंबर से कॉल किया तो फोन उठाया गया, लेकिन अपनी पहचान बताने के बावजूद उनके नंबर को ब्लैकलिस्ट से नहीं हटाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में एसडीओ राजदीप को भी अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। अरविंद सिंह ने कहा कि अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे जनता की समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। अगर फोन ही नहीं उठाया जाएगा, तो आम नागरिक अपनी शिकायत कैसे दर्ज कराएंगे, उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मामले को उच्च अधिकारियों, जैसे चीफ इंजीनियर और नगर निगम कमिश्नर, के समक्ष उठाएंगे।

वहीं, स्थानीय निवासियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस संबंध में हमने इलेक्ट्रिकल विभाग के एसडीओ राजदीप से बात की तो उन्होंने कहा आज बिजली की समस्या को लेकर हमें शिकायत मिली थी और अपने बहुत जल्दी उस शिकायत का निपटारा भी कर दिया। जो भी उन पर नंबर ब्लैकलिस्ट करने का आरोप वो बेबुनियाद हैं।

# सुखमणि स्कूल विवाद: 9 अप्रैल को विशाल रैली का ऐलान, पक्का मोर्चा लगाने की चेतावनी

डेराबस्सी/यूटर्न/03 अप्रैल। सुखमणि स्कूल के बाहर धरने पर बैठे श्रमिकों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने बड़ा ऐलान किया है। शुक्रवार को हुई आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि हटाए गए श्रमिकों को तुरंत बहाल नहीं किया गया तो 9 अप्रैल को स्कूल के मुख्य गेट पर विशाल विरोध रैली की जाएगी और मांगें पूरी होने तक 'पक्का मोर्चा' लगाया जाएगा। नेताओं ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि 20-25 वर्षों से काम कर रहे अनुभवी ड्राइवरों और कर्मचारियों को अवैध तरीके से हटाकर काम ठेके पर दे दिया गया है। उनकी जगह अनुभवहीन लोगों को बसों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।बैठक में कहा गया कि पुराने ड्राइवरों ने वर्षों तक बच्चों की सुरक्षित ढुलाई सुनिश्चित की, लेकिन अब उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। नेताओं ने उदाहरण देते हुए बताया कि एक चालक ने कभी 40 बच्चों की जान बचाई थी, फिर भी ऐसे कर्मचारियों को बाहर किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों ने क्षेत्र के लोगों, सामाजिक संगठनों और अभिभावकों से अपील की कि वे 9 अप्रैल को बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन का समर्थन करें। अभिभावकों से यह भी आग्रह किया गया कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वे अपने बच्चों को स्कूल न भेजें और प्रबंधन पर दबाव बनाएं कि अनुभवी स्टाफ को बहाल किया जाए। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों और यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रेस नोट संयुक्त किसान मोर्चा और साझा ट्रेड यूनियनों की ओर से जारी किया गया।



# शिवा एंक्लेव व शिवालिक विहार में विकास कार्य शुरू, एंट्री गेट की टाइलों की मरम्मत

जीरकपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। शहर के शिवा एंक्लेव और शिवालिक विहार क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए शुक्रवार को पार्षद रेणु नेहरू ने एंट्री गेट के ऊपर लगी टाइलों की मरम्मत का कार्य शुरू करवाया। इसके साथ ही शिवा एंक्लेव से शिवालिक विहार तक विभिन्न स्थानों पर पैचवर्क भी करवाया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, लंबे समय से एंट्री गेट की टाइलें खराब स्थिति में थीं, जिससे क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही थी और लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। पार्षद द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्य शुरू करवाने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पार्षद रेणु नेहरू ने कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।



# अतिक्रमण पर सख्ती: नगर निगम की कार्रवाई में 71 चालान, कई जगहों से हटाया गया कब्जा

चंडीगढ़। शहर में सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को बड़े स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए कुल 71 चालान किए गए और अवैध कब्जों को हटाया गया। नगर निगम की इंफोर्समेंट विंग ने सबसे पहले इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में अभियान चलाया, जहां रास्तों और सड़कों के किनारों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण पाया गया। टीम ने मौके पर ही प्लास्टिक कुर्सियां, सोफा सेट, झूले, स्टील काउंटर, टेबल, रिवॉल्विंग चेयर और मैकेनिकल जैक जैसी अवैध रूप से रखी गई वस्तुओं को हटाया। इस कार्रवाई के दौरान 61 चालान काटे गए।





इसके बाद सेक्टर-20 क्षेत्र, खासकर पार्किंग एरिया के आसपास भी निगम की टीम ने कार्रवाई की। यहां सार्वजनिक मार्ग में बाधा बनने वाले 7 अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया गया और 10 चालान जारी किए गए। दिनभर चले इस अभियान में कुल 71 चालान किए गए, जो नगर निगम की अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। अधिकारियों का कहना है कि शहर में यातायात और आम लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# भाविप के शिविर में कुल 51 लोगों ने किया खूनदान




डेराबस्सी/यूटर्न/03 अप्रैल। भारत विकास परिषद, डेराबस्सी ने एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलरीज लिमिटेड, हंसा पार्क, डेराबस्सी के साथ मिलकर एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। शिविर का शुभारंभ प्रधान हितेंद्र मोहन समेत टीम ने किया। पीजीआई से डॉक्टरों की एक टीम ने रक्त यूनिट एकत्रित किए। परिषद की ओर से सचिव एडवोकेट विशाल शर्मा, पूर्व प्रधान सुरिंदर अरोड़ा, नरेश मल्होत्रा, अश्विनी जैन और रजनीश शर्मा द्वारा रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को उपहार और प्रमाण पत्र दिए गए। डॉक्टरों और दाताओं के लिए जलपान की भी पूरी व्यवस्था की गई थी।

# मां बगलामुखी धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ यज्ञ

## बाला जी के चरणों में नतमस्तक होने मात्र से मिलता है इंसान को दुनियावी संकटो से छुटकारा : महंत प्रवीण चौधरी जी





लुधियाना/यूटर्न/03 अप्रैल। मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष हवन यक्ष आयोजित हुआ। महंत प्रवीण चौधरी जी के सानिध्य में यजमान परिवारों ने आहुतियां डालकर आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व धाम सदस्यों ने बाला जी का भव्य श्रृंगार कर आरती उतारी। भजन गायको ने संकीर्तन करते हुए बाला जी की स्तुति में प्रस्तुत भजनों राम भक्त हनुमान की जय..., आजा माता अंजलि के लाल..., चले आओ हनुमान-मेरी बिगड़ी संवारो हनुमान की संगीतमय धुनों पर श्रद्धालुओ ने अंजली के लाल के चरणों में प्रार्थना कर अपने बिगड़े कारज संवारने की अर्तियां लगाई। महंत प्रवीण चौधरी जी ने बाला जी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा बाला जी के चरणों में नतमस्तक होने मात्र से इंसान को दुनियावी संकटो से छुटकारा मिलता है। आरती के साथ यज्ञ को विश्राम दिया गया। बाला जी भगवान को अर्पित लड्डुओं का भोग प्रसाद के रुप में वितरित हुआ। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,सुनील महाजन,रमन घई,जतिन्द्र सूद,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह,सुधीर महाजन,गौरव कालिया,जतिन सूद,परमवीर चौधरी,संदीप सूद, सुनील हांडा,नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह ,बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिंन्द्र महाजन,तरुण चौधरी, अंकुश सिंगला,चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी,पंकज गुप्ता ,दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता,वरुण चोपड़ा, तुषार बंसल, धीरज गुप्ता,जनकराज सिंगला,बौबी मक्कड़, नितेश सूद,राकेश पासी ,गुनीत खैरा,अजय जैन, रविन्द्र सिंह वालिया,तेजिन्द्र मिगलानी, वरुण दत्त, भूपिन्द्र सिंह,वेद लूथरा, सुनील हांडा,वरूण शर्मा,पवन पारिक, अनुज वधवा,आशूतोष,प्रदीप टाटा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## धनास में हनुमान जन्मोत्सव की धूम: हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी, भजन-कीर्तन से गूंजा पूरा क्षेत्र






अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। धनास क्षेत्र में श्री बालाजी मित्र मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष बेहद भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। आयोजन में वार्ड नंबर 15 सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने बाबा हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। भक्तों ने 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से प्रसाद वितरण और लंगर की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### आओ तस्वीर बदल लें।

अपनों से नफरत करके क्यों बढ़ाते
हो अहमियत दूरियों की
किसी को माफ करके शर्मिंदा करने
का तरीका भी तो बुरा नहीं

खाक हो जाएगा पूरा जंगल
अगर एक चिंगारी नफरत की
किसी सूखे पत्ते से इश्क कर बैठे
आग ऐसी लगेगी तब रिश्तों में
कि कोई रिश्ता बच न पाएगा।

क्यों न तकलीफ खुद ही कम कर लें
अगर अपनों से उम्मीद कम कर लें
कितना भी नमक छिड़के कोई जख्म पर
आओ हम सब्र का मरहम लगाना सीख लें।

क्यों न मोहब्बत की तकदीर बदल लें
जितनी भी धूल जमी हो शिकायतों की
शीशा मन का साफ करके
आओ अपने रिश्तों की तस्वीर बदल लें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Police Complaint बनाम Civil Suit — कब क्या करें?**

कई बार विवाद होने पर लोगों को समझ नहीं आता कि पुलिस के पास जाएँ या अदालत में सिविल मुकदमा दायर करें। यह समझना जरूरी है कि हर विवाद का रास्ता अलग होता है।

Police Complaint तब की जाती है, जब मामला अपराध (offence) से जुड़ा हो—जैसे धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, धमकी आदि। इसमें राज्य (State) आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करता है।

इसके विपरीत Civil Suit तब दायर किया जाता है, जब विवाद अधिकारों से जुड़ा हो—जैसे संपत्ति, अनुबंध (contract), बँटवारा या पैसों का लेन-देन। इसमें व्यक्ति अपने अधिकार की रक्षा या लागू कराने के लिए अदालत जाता है।

कई मामलों में दोनों पहलू हो सकते हैं—जैसे संपत्ति विवाद में धोखाधड़ी भी शामिल हो। ऐसे में आपराधिक और सिविल दोनों कार्रवाई समानांतर चल सकती है।

गलत मंच चुनने से मामला कमजोर हो सकता है या समय बर्बाद हो सकता है।

निष्कर्ष: Police Complaint अपराध के लिए होती है, Civil Suit अधिकार लागू कराने के लिए। सही रास्ता चुनना ही प्रभावी कानूनी कार्रवाई की पहली शर्त है।

## संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ की चौपाइयां सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध

### श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर कोहाड़ा में श्री हनुमंत जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न





चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। रोड कोहाड़ा चौक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में ट्रस्टी प्रदीप मित्तल ,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल,अनिल मित्तल की अध्यक्षता में श्री बाला जी जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।जिसमें श्री सालासर सेवक संघ द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का गायन किया गया। सर्वप्रथम आचार्य दीपक पांडे, पंडित राज तिवारी, पंडित करण उपाध्याय व पंडित केशव उपाध्याय ने मंत्रोचारण के साथ बाबा श्याम व बाला जी की स्तुति की। मुख्य यजमान ट्रस्ट के सभी सदस्यों द्वारा श्याम बाबा व बाला जी का पूजन करके संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ किया गया संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार नरेश अग्रवाल परिवार द्वारा किया गया। जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। श्री सालासर सेवक संघ के सदस्यों ने संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का गायन करते हुए कहा कि ऐसी मान्यता है कि महावीर हनुमान इस कलयुग के समय में भी धरती पर विराजमान हैं। जो हर मानव के दुखों को हर कर सभी की रक्षा कर रहे हैं। श्री सुन्दरकांड पाठ की समाप्ति पर ध्वज फहराई गई और बाला जी की आरती की गई।ट्रस्ट की ओर से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भी लगाया गया। इस मौके पर विजय गोयल, सुनील गोयल, सुनील कुमार,चंद्रेश भारद्वाज, अतुल वालिया, सतीश मित्तल,के के गर्ग, ,एच. एन सिंगल,नवीन बहल, बी .के. शर्मा,सुदर्शन शर्मा, निपम बंसल, अभिनव सहगल, संजय अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, विनोद गोयल,चंद्रेश्वर भारद्वाज,नरेश अग्रवाल,जितेंद्र भाटिया,दीपक मित्तल,बलराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ढकोली में बंद स्ट्रीट लाइट्स से लोग परेशान, रात में बढ़ा असुरक्षा का माहौल

जीरकपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। ढकोली क्षेत्र में रात के समय स्ट्रीट लाइट्स बंद रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई सड़कों पर अंधेरा छा जाने के कारण लोगों का रात में घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। अंधेरे के चलते जहां हादसों का खतरा बढ़ गया है, वहीं चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

स्थानीय निवासी दीपक कक्कड़, दिनेश भारद्वाज, उदयराज सिंह, संतोष कुमार, मनजीत बत्रा, भले राम, दारा रहमान, परविंदर सिंह और मनजीत सिंह मुल्तानी ने इस समस्या को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि रात के समय इलाके में निकलना जोखिम भरा हो गया है और लोग डर के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं। निवासियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर वे दिसंबर 2025 से नगर परिषद को लगातार शिकायतें दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे लापरवाही बताया है।

शिकायत में 'रॉयल मेंशन सोसाइटीह्व से ह्यसुषमा कैपिटल' तक नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने की मांग की गई है। इसके अलावा ढकोली के 9 एकड़ पार्क के अंदर और बाहर खराब पड़ी लाइट्स को बदलने और 'ढकोली ग्रिड' के पास वाले गेट से लेकर पूरे ग्रिड रोड तक नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने की भी मांग उठाई गई है।



*'स्ट्रीट लाइट के लिए पहले से टेंडर लगाया जा चुका है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू किया जाएगा।'*
*— अमनदीप शर्मा, जेई, नगर परिषद*

निवासियों का कहना है कि पर्याप्त रोशनी के अभाव में पूरा इलाका असुरक्षित हो गया है और समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने नगर परिषद से जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द समाधान की मांग की है।

# कोर्ट ने पंचकूला प्लॉट मामले में हरियाणा के पूर्व सीएम हुड्डा और एजेएल के खिलाफ ईडी का केस बंद किया

चंडीगढ़/यूटर्न/3 अप्रैल। पंचकूला की एक कोर्ट ने शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और एमएस एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत को बंद कर दिया। यह शिकायत पुराने रेट पर एक प्लॉट के दोबारा अलॉटमेंट से जुड़ी थी। हरियाणा में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश राजीव गोयल ने ईडी की शिकायत को बंद कर दिया, क्योंकि हुड्डा और एजेएल को उइक द्वारा चलाए जा रहे मुख्य मामले में पहले ही बरी (डिस्चार्ज) किया जा चुका था। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने 25 फरवरी को दोनों को बरी कर दिया था।

## वकील ने सांझी की जानकारी

हुड्डा के वकील एसपीएस परमार ने कहा कि पंचकूला की पेमला कोर्ट ने ईडी का केस इसलिए बंद कर दिया, क्योंकि इसका आधार (प्रेडिकेट) पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा पहले ही तय किया जा चुका है। विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की रोशनी में, ईडी की शिकायत आगे नहीं चल सकती, क्योंकि आरोपियों को मूल अपराध (प्रेडिकेट ऑफेंस) में बरी किया जा चुका है। विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, अगर किसी व्यक्ति को निर्धारित अपराध से आखिरकार बरी कर दिया जाता है, या उसके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को सक्षम अधिकार क्षेत्र वाली कोर्ट द्वारा रद्द कर दिया जाता है, तो उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई अपराध नहीं बनता।



## सीएम बनने के बाद लिखा था पत्र

हुड्डा के सीएम बनने के बाद, वोरा ने 7 अप्रैल, 2005 को उन्हें पत्र लिखकर प्लॉट को वापस दिलाने का अनुरोध किया। हुड्डा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HUDA) के चेयरमैन के तौर पर, उस समय के ल्वऊ्अ के मुख्य प्रशासक रर ढिल्लों और उस समय की नगर एवं ग्राम नियोजन की वित्त आयुक्त शकुंतला जाखू की सिफारिशों को, और हरियाणा के लीगल रिमेंबरेंसर (LR) जगदीप जैन की राय को नजरअंदाज करते हुए, 28 अगस्त 2005 को 1982 के पुराने रेट पर, यानी 59.39 लाख रुपये में, आवंटन का आदेश दिया। ईडी ने कहा कि इससे राज्य सरकार को 1.75 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## अखबार शुरू करने को हुई थी अलॉटमेंट

पंचकूला के सेक्टर 6 में प्लॉट नंबर उ-17, एजेएल को एक अखबार शुरू करने के लिए 'नो-प्रॉफिट, नो-लॉस' (बिना किसी मुनाफे या नुकसान के) के आधार पर 91 रुपये प्रति वर्ग मीटर की रियायती दर पर अलॉट किया गया था। चूंकि दो साल के भीतर वहां कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया, इसलिए प्लॉट को वापस ले लिया गया, और 10 अक्टूबर, 1996 तक इससे जुड़ी सभी अपीलें निपटा दी गईं। एजेएल ने प्लॉट को वापस दिलाने (बहाल कराने) के लिए तत्कालीन हरियाणा सीएम बंसी लाल को चार पत्र लिखे, लेकिन उन्हें खारिज कर दिया गया और 16 मार्च, 1999 के एक पत्र के जरिए एजेएल के चेयरमैन को इस बारे में सूचित कर दिया गया। एजेएल छह साल तक चुप रहा, क्योंकि उस दौरान हरियाणा में चौटाला सरकार सत्ता में थी।

## स्वतंत्रता सेनानी परिवार का सदस्य

ईडी ने आगे कहा कि न सिर्फ.दोबारा आवंटन, बल्कि हुड्डा ने वोरा के साथ मिलकर साज़िश रचते हुए, एजेएल को निर्माण पूरा करने के लिए तीन बार समय-सीमा में विस्तार भी दिया, जो आखिरकार 14 अगस्त 2014 को पूरा हुआ। ईडी की पूछताछ के दौरान, हुड्डा ने कहा था कि एजेएल द्वारा प्रकाशित अखबारों के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को जानते हुए और एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार का सदस्य होने के नाते, उन्होंने मोती लाल के अनुरोध की जाँच करने का फैसला किया और दोबारा आवंटन का आदेश दिया। उन्होंने माना कि निर्माण पूरा करने के लिए एजेएल को समय-सीमा में विस्तार दिया गया था।

## 59.39 लाख में प्लॉट आवंटित कराया

ईडी ने तो यह भी दावा किया कि एजेएल ने हुड्डा से पंचकूला का प्लॉट सिर्फ. 59.39 लाख रुपये में आवंटित करवा लिया, लेकिन उसे ₹बेदाग संपत्ति₹ बताकर ₹धोखे से₹ 72.57 करोड़ रुपये का लोन हासिल कर लिया। उसने आगे कहा कि इस लोन का इस्तेमाल सिंडिकेट बैंक के पास गिरवी रखकर या बंधक बनाकर दूसरी संपत्तियाँ बनाने में किया गया। हालाँकि, 25 फरवरी को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने उइक स्पेशल कोर्ट के 16 अप्रैल 2021 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें हुड्डा और एजेएल के खिलाफ आरोप तय करने और उनकी डिस्चार्ज अजी को खारिज करने की बात कही गई थी।

## सनातन सेवा समिति ने करवाया सुंदरकांड का पाठ



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/03 अप्रैल। श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सनातन सेवा समिति मालवा जोन द्वारा शहीद भगत सिंह नगर स्थित शिव शक्ति मंदिर कमेटी के सहयोग से मंदिर प्रांगण में श्री सुंदरकांड का पाठ व श्री हनुमान चालीसा पाठ का उच्चारण समिति के मालवा जोन संगठन महासचिव वरुण मेहता के नेतृत्व में किया गया। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित कमल मिश्रा व संकीर्तन कमेटी प्रमुख सरोज मौदगिल ने इसकी अध्यक्षता की। इस अवसर पर महिला विंग इंचार्ज रुपिंदर कौर जिला इंचार्ज निखिल शर्मा हल्का कॉर्डिनेटर अश्वनी कन्नौजिया व भरत शर्मा नोनी प्रमुख तौर पर उपस्थित थे। वरुण मेहता ने बताया कि समिति द्वारा प्रदेश भर में 250 से अधिक स्थानों पर साप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का उच्चारण किया जा रहा है व प्रदेश में हल्का स्तर ब्लॉक स्तर बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन कर युवा पीढ़ी को सनातनी संस्कृति से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि हर सनातनी को अपने धर्म के रीति रिवाजों का पूर्ण ज्ञान हो। इस कार्यक्रम में स्वप्न तानी, जिन्दी सिंह, ममता शर्मा, रेखा रानी, शकुंतला देवी व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हेरोइन सहित 2 गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/अप्रैल। लुधियाना देहाती पुलिस द्वारा साझा की गई दैनिक क्राइम रिपोर्ट के अनुसार नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 व्यक्तियों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सदर जगरांव पुलिस ने इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह की अगुवाई में एक व्यक्ति को 15 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया। वहीं थाना सिधवां बेट पुलिस ने एएसआई कर्मजीत सिंह की अगुवाई में एक अन्य व्यक्ति को 9 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में NDPS एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच जारी है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## मोगा में CM भगवंत मान की रैली, 83 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे

मोगा/यूटर्न/3 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान मोगा में एक राज्य स्तरीय रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे मोगा वासियों को लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम 4 अप्रैल को मोगा की दाना मंडी में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मान के साथ पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया भी इसमें शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। मोगा की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर लगभग 50 हजार लोगों की क्षमता का प्रबंध किया गया है, जिसमें से करीब 20 हजार लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा दी गई गारंटियों को पूरा किया गया है, जिसके कारण लोगों में उत्साह है। उन्होंने रैली में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई।



# विरोध से श्रेय तकः आम आदमी पार्टी की दोहरी राजनीति बेनकाब

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के मीडिया प्रभारी रवि रावत ने आम आदमी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि गाँव फैदा स्थित विकास कार्यों को लेकर उसकी वर्तमान बयानबाजी उसकी अवसरवादी और विरोधाभासी राजनीति को उजागर करती है। रवि रावत ने कहा कि यह अत्यंत आश्चर्यजनक है कि आम आदमी पार्टी, जिसने पहले विकास कार्यों का विरोध किया, आज उन्हीं कार्यों का श्रेय लेने की होड़ में लगी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 23 जुलाई 2023 को पूर्व सांसद श्रीमती किरण खेर ने उस समय के तत्कालीन मेयर अनूप गुप्ता की उपस्थिति में संबंधित पुल का विधिवत शिलान्यास किया था। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की नींव भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में रखी गई थी।

उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार गाँव फैदा स्थित पुल परियोजना का भी पूर्व में उद्घाटन किया जा चुका है, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उस समय इसका विरोध किया, काले झंडे दिखाए और विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास किया। इसके बावजूद आज वही नेता इस परियोजना का श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह से हास्यास्पद और जनता को गुमराह करने वाला है।






रवि रावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं, जिनमें जसबीर सिंह लड्डी भी शामिल हैं, का यह रवैया दर्शाता है कि उनके लिए जनहित नहीं, बल्कि केवल राजनीतिक लाभ ही सर्वोपरि है। जब विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता थी, तब उन्होंने विरोध का रास्ता चुना, और अब जब कार्य पूरे हो रहे हैं, तो श्रेय लेने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की जागरूक जनता इस प्रकार की राजनीति को भली-भांति समझती है और समय आने पर इसका उचित जवाब भी देगी। आम आदमी पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उनके पास कोई ठोस नीति और दृष्टिकोण है, या फिर वे केवल परिस्थितियों के अनुसार अपने विचार बदलते रहते हैं। अंत में रवि रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव विकास और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी बिना किसी भेदभाव के चंडीगढ़ के समग्र विकास के लिए कार्य करती रहेगी।

# ECHS घोटालाः ट्राईसिटी में उड़कको बड़ी कार्रवाई, फर्जी बिलिंग और टेस्ट रिपोर्ट का खुलासा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। ईसीएचएस एस्लूर से जुड़े बहुचर्चित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (उड़क) ने ट्राईसिटी में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई निजी अस्पतालों और डॉक्टरों के ठिकानों पर छापेमारी की। देर रात तक चली इस कार्रवाई में जांच एजेंसी को फर्जी बिल, जाली टेस्ट रिपोर्ट और अन्य अहम दस्तावेज मिले हैं, जिनके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मरीजों के इलाज के नाम पर बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। सीबीआई को ऐसे कई मामले मिले हैं, जहां सामान्य मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर पर भर्ती दिखाकर भारी-भरकम बिल बनाए गए। इतना ही नहीं, एक ही मरीज को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती दिखाने और कुछ मामलों में ऐसे मरीजों के नाम पर बिल बनाने के भी सबूत मिले हैं, जो कभी अस्पताल में भर्ती ही नहीं हुए।




जांच के दौरान सेक्टर-38 स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर से फर्जी स्टाम्प, डिजिटल सिग्नेचर और एडिट की गई मेडिकल रिपोर्ट्स बरामद की गई हैं। बताया जा रहा है कि पुरानी रिपोर्ट्स में बदलाव कर नई रिपोर्ट तैयार की जाती थीं, जिसके लिए मोटी रकम वसूली जाती थी। सीबीआई ने इस सेंटर की हार्ड डिस्क को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

इस घोटाले में 'मंथन हेल्थ केयर' नाम की एजेंसी की भूमिका भी जांच के दायरे में है, जो ट्राईसिटी के अस्पतालों को ईसीएचएस योजना के तहत मरीज उपलब्ध करवाती थी। एजेंसी से जुड़े डॉक्टरों से पूछताछ की जा रही है।

आरोप है कि अस्पतालों को मरीज रेफर करने के बदले कमीशन लिया जाता था। जांच की आंच धर्म, माओ, इंडस, शेल्बी, केयर और अमर जैसे कई निजी अस्पतालों तक पहुंची है। सीबीआई अब उन सभी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का रिकॉर्ड खंगाल रही है, जो इस कथित फर्जीवाड़े में शामिल हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, यह नेटवर्क सिर्फ ट्राईसिटी तक सीमित नहीं है, बल्कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ सहित पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है।

जांच एजेंसी यह भी परख रही है कि जिन बीमारियों के नाम पर अस्पतालों को भुगतान किया गया, क्या मरीज वास्तव में उन बीमारियों से ग्रस्त थे या नहीं।

सीबीआई की इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आने वाले दिनों में इस मामले में कई और खुलासे और संभावित गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# चंडीगढ़ में चोरी के मामले का खुलासाः दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। सेक्टर-19 थाना पुलिस ने घर में चोरी के एक मामले को सुलझाते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया कुछ सामान भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-20बी निवासी अमनदीप सिंह माहे ने 9 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनके घर से डायमंड रिंग, सोने की अंगूठी, चांदी की चेन, 20 हजार रुपये नकद, सैमसंग लैपटॉप, ओप्पो मोबाइल फोन, नॉइज स्मार्ट वॉच, 512 जीबी हार्ड ड्राइव, दो पेन ड्राइव और ईयरपॉड्स चोरी हो गए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-19 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 अप्रैल 2026 को धनास क्षेत्र के कच्चे रास्ते से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान बंटी (23) निवासी स्मॉल फ्लैट, धनास और अंकित (24) निवासी स्मॉल फ्लैट, धनास के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नॉइज कंपनी की स्मार्ट वॉच और चांदी की चेन बरामद की, जिन्हें शिकायतकर्ता ने पहचान लिया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि बाकी चोरी का सामान बरामद किया जा सके और मामले में अन्य साथियों की संलिप्तता की जांच की जा सके। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रह चुके हैं। पुलिस का कहना है कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मामले की आगे जांच जारी है।

# दिनदहाड़े पीआरटीसी बस में लूट, 4 युवकों ने हथियारों के बल पर कंडक्टर से नकदी छीनी

कपूरथला/यूटर्न/3 अप्रैल। कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी सबडिवीजन में शुक्रवार दोपहर जालंधर-सुल्तानपुर लोधी रूट पर चलने वाली पीआरटीसी बस में लूट की वारदात हुई। सिधवां दोना-मोथांवाला रूट पर कुलारां के पास बदमाशों ने बस को रोककर कंडक्टर से नकदी छीन ली। पीड़ित बस ड्राइवर पवित्र सिंह और कंडक्टर मलकीत सिंह ने बताया कि जब बस मोठांवाला के पास एक फैक्ट्री के नजदीक पहुंची, तभी एक पुरानी सफेद होंडा सिटी कार (PB 08 AZ 4567) ने उसे रोक लिया। कार में 3-4 युवक सवार थे। दो युवक धारदार हथियार (दातर) लेकर जबरन बस में घुस गए। उन्होंने कंडक्टर को धमकाते हुए उसके बैग से करीब 800-900 रुपये की नकदी लूट ली। इस दौरान एक आरोपी ने कंडक्टर को पहचान बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।



**वारदात से दहशत में आए यात्री...** अचानक हुई इस वारदात से बस में बैठे यात्री दहशत में आ गए। लूट को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद बस स्टाफ ने मोथांवाला पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# नवजोत सिद्धू अचानक अमृतसर पहुंचे, ज्ञानी टी स्टॉल पर चाय पी, कचौरी का भी स्वाद चखा

अमृतसर/यूटर्न/3 अप्रैल। पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू शुक्रवार को अचानक अमृतसर पहुंचे। इस दौरान वह मशहूर ज्ञानी टी स्टॉल पर पहुंच गए। सिद्धू ने स्टॉल पर बैठकर चाय पी। उन्होंने यहां की फेमस कचौरी का भी स्वाद चखा। इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों से खुलकर बातचीत की और सेल्फी भी खिंचवाई। मीडिया से बातचीत में सिद्धू ने बताया कि जब भी वह अमृतसर आते हैं और उन्हें थोड़ा समय मिलता है, तो वह इस जगह पर जरूर आते हैं। सिद्धू ने कहा कि इस स्थान से उनका खास जुड़ाव है। यहां की चाय का स्वाद उन्हें हमेशा आकर्षित करता है। नवजोत सिंह सिद्धू इन दिनों राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। वह इस समय कपिल शर्मा के शो और



आईपीएल में कमेंट्री करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने घर अपनी बेटी ओर बेटे के नाम किए थे।

**अचानक एक्टिव होकर कांग्रेस में हलचल मचाते सिद्धू...** नवजोत सिद्धू पंजाब की राजनीति में एक्टिव नहीं हैं। लेकिन अक्सर हलचल मचाते रहते हैं। 6 महीने पहले अचानक उन्होंने प्रियंका गांधी से मुलाकात की और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। इसके बाद उनके समर्थकों ने सिद्धू की राजनीति में वापसी को लेकर चर्चाएं शुरू कर दीं। इसके बाद सिद्धू पटियाला में भी घूमते नजर आए। हालांकि उन्होंने कोई राजनीतिक बात नहीं की। इस बीच सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू अचानक सियासी रूप से मुखर हो गईं। उन्होंने बयान दिया कि अगर नवजोत सिंह सिद्धू को मुख्यमंत्री बनाया जाए तो वह काम करके दिखाएंगे। इस बयान के बाद एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद नवजोत सिंह सिद्धू फिर से खामोश हो गए।

# जीरकपुर में फॉगिंग अभियान तेज, कई कॉलोनियों में दवाइयों का छिड़काव



जीरकपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। शहर में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर परिषद द्वारा फॉगिंग अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में एमएस एनक्लेव, डीईएसएस एस्टेट, गुलमोहर ब्लॉक, गुरु नानक एनक्लेव, गुरु नानक कॉलोनी, आदर्श एनक्लेव, गुलमोहर एवेन्यू और आइवरी क्षेत्र में फॉगिंग की गई।

नगर परिषद की टीमों ने सुबह से ही विभिन्न इलाकों में पहुंचकर दवाइयों का छिड़काव किया, जिससे मच्छरों पर नियंत्रण पाया जा सके। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि फॉगिंग से उन्हें काफी राहत मिली है, खासकर ऐसे समय में जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

अधिकारियों के अनुसार, शहर के अन्य क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग अभियान चलाया जाएगा, ताकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के खतरे को कम किया जा सके।

साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अपने आसपास पानी जमा न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि मच्छरों के पनपने की संभावना को रोका जा सके।

# नौकर ने कारोबारी के घर से चुराए 80 लाख के गहने, दंपति गिरफ्तार, अयोध्या में बनवा रहा था कोठी

खन्ना/यूटर्न/3 अप्रैल। खन्ना में एक इंडस्ट्रियलिस्ट परिवार के घर से 80 लाख के गहने चोरी हो गए। जांच के दौरान पता चला कि घर में रखे नौकर द्वारा ही वारदात को अंजाम दिया गया था। वह उक्त चोरी किए गहनों से अपने गांव अयोध्या में कोठी बनवा रहा था।

साथ ही उसने महंगे आईफोन खरीद लिए थे और उसके ब्रांडेड कपड़ों पर खर्च भी काफी बढ़ गया था। पुलिस ने नौकर ननकू उर्फ पप्पू चौधरी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना शहर के सुलेख राम बिल्डिंग में रहने वाले एक प्रतिष्ठित परिवार से संबंधित है। कोरोना काल के दौरान, परिवार की 65 वर्षीय बुजुर्ग सुवेला कंवर की तबीयत खराब होने के कारण उनकी देखभाल के लिए अयोध्या, उत्तर प्रदेश निवासी ननकू उर्फ पप्पू चौधरी को काम पर रखा गया था।



## अयोध्या में कोठी बनवा रहा था

इसके बाद परिवार ने अपने स्तर पर जांच शुरू की। इस दौरान कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। ननकू अयोध्या में एक बड़ी कोठी बनवा रहा था। उसने महंगे आईफोन खरीद लिए थे और उसके ब्रांडेड कपड़ों पर खर्च भी काफी बढ़ गया था। इन सभी बातों से परिवार का शक यकीन में बदल गया कि चोरी की वारदात को ननकू ने ही अंजाम दिया है।

## घर के हर कोने से परिचित था ननकू

ननकू अपनी पत्नी सपना और बच्चों के साथ परिवार के घर में ही बने एक क्वार्टर में रहता था। धीरे-धीरे उसने परिवार का विश्वास जीत लिया और घर के हर कोने, अलमारियों और गोपनीय बातों से परिचित हो गया। कुछ समय पहले, घर की सफाई के दौरान ननकू को पता चला कि परिवार की बेटी, जो दुबई चली गई थी अपने कीमती गहने घर की एक अलमारी में रखकर गई थी। उसने गहने चुरा लिए। हाल ही में जब परिवार की बेटी दुबई से लौटी और एक शादी समारोह में जाने के लिए अलमारी खोली, तो उसे अपने गहने गायब मिले। परिवार ने तुरंत ननकू से पूछताछ की, लेकिन उसने चोरी की बात से साफ इनकार कर दिया।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत डेराबस्सी से श्रद्धालुओं की 17वीं बस रवाना

## विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने दी शुभकामनाएं



डेराबस्सी/यूटर्न/03 अप्रैल। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत शुक्रवार को डेराबस्सी के मुबारिकपुर से श्रद्धालुओं की तीसरी तथा हलके की कुल 17वीं बस को रवाना किया गया। बस को हलका विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक रंधावा ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से खासकर बुजुर्गों को काफी लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बेहद संतोषजनक होता है जब बुजुर्ग श्रद्धालु मुस्कुराते चेहरों और श्रद्धा से भरे मन के साथ तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होते हैं। यह योजना उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपने जीवन में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार जन-कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी योजनाएं जारी रहेंगी, ताकि आम लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग की लापरवाही , पांचवी कक्षा के प्रमाण पत्र से जन्म तिथि गायब

पंजाब/ यूटर्न/3 अप्रैल। पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड ने पांचवी कक्षा कि प्रमाण पत्र में एक बड़ी लापरवाही की है। उन्होंने 2026 की पांचवी कक्षा कि प्रमाण पत्र पर जन्म तिथि का कालम ही नहीं दिया। इससे स्टूडेंट्स और उनके परिजनों के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। यह प्रमाण पत्र मिडिल स्कूलों में एडमिशन लेने कि लिए जरूरी होते है। स्टूडेंट्स को इन सर्टिफिकेट को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल करना होता है। बी एड फ्रंट के प्रधान अमनदीप सिंह ने कहा है कि यह विभाग की लापरवाही है और छठी कक्षा के एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स को इनकी जरूरत है। उन्होंने इस गलती को तुरंत सुधारने और स्टूडेंट्स के लिए नए प्रमाण पत्र भेजने को कहा है। इस मुद्दे को लेकर ब्लॉक प्राइमरी एजुकेशन अफसर मंजीत सिंह ग्रेवाल के साथ बैठक हुई , जिसमे अमनदीप सिंह ,अपर अपार सिंह ,इंदरजीत सिंगत सराभा और सभी अध्यापक मौजूद थे। बैठक के बाद बीपीईओ मंजीत सिंह ने भरोसा दिलाया के वो जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे। अब देखना यह है कि पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग इस गलती को कब तक ठीक करता है। स्टूडेंट्स को कब तक प्रमाण पत्र देता है ताकि उनको एडमिशन में दिक्कत न आये।



# ईरान-इजराइल जंग के बीच दुबई में गुरुद्वारा बंद, आसपास गिर रहे ड्रोन के चलते फैसला

जालंधर/यूटर्न/3 अप्रैल। ईरान-इजराइल युद्ध के बीच दुबई सरकार ने 3 अप्रैल को एक गुरुद्वारा अनिश्चितकॉल के लिए बंद कर दिया। गुरुद्वारा चेयरमैन सुरेंदर सिंह कंधारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दुबई पुलिस से गुरुद्वारा को बंद करने के निर्देश मिले थे। यह बंदी किसी धार्मिक भेदभाव के कारण नहीं, बल्कि पब्लिक सेफ्टी के लिए है। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव और सुरक्षा जोखिमों के बीच दुबई सरकार ने जेबेल अली स्थित प्रतिष्ठित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार को अगले आदेश तक बंद करने लेटर भी जारी किया है। कम्युनिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी (CDA) द्वारा यह फैसला ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध के चलते सुरक्षा कारणों से लिया गया है।



## श्रद्धालुओं को तुरंत प्रभाव से सेवाएं रोकने को कहा

गुरुद्वारा प्रबंधन ने आधिकारिक नोटिस जारी कर श्रद्धालुओं को तुरंत प्रभाव से सेवाएं रोकने की सूचना दी है। प्रशासन का कहना है कि जेबेल अली पोर्ट जैसे संवेदनशील रणनीतिक ठिकाने के करीब स्थित होने के कारण, मिसाइल इंटरसेप्शन के मलबे से जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## गुरद्वारा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर है रेड अलर्ट

फरवरी 2026 से जारी ईरान-मिडिल ईस्ट तनाव ने वआए की सुरक्षा को संवेदनशील बना दिया है। ईरान द्वारा दागे गए ड्रोन और मिसाइलों को हालांकि एयर डिफेंस ने हवा में ही नष्ट किया, लेकिन मलबा रिहायशी इलाकों में गिर रहा है। जेबेल अली पोर्ट के पास स्थित होने के कारण गुरुद्वारे पर सीधा खतरा बना हुआ था। इस के चलते इस इलाके में दुबई पुलिस ने रेड अलर्ट जारी कर रखा था।

## मंदिर और चर्च भी बंद किया गया

यह कार्रवाई किसी विशेष धर्म को निशाना बनाकर नहीं की गई है। ईस्टर वीकेंड पर जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने इसी परिसर के अन्य चर्चों और प्रसिद्ध इअढर हिंदू मंदिर को भी एहतियातन बंद कर दिया है। प्रशासन का उद्देश्य इस संवेदनशील समय में सार्वजनिक स्थलों पर जनहानि को शून्य करना है।

# फैदां गांव में नया फुटब्रिज शुरू, 10 हजार लोगों को मिली राहत





चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। चंडीगढ़ के फैदां गांव में लंबे समय से चली आ रही कनेक्टिविटी की समस्या को दूर करते हुए नगर निगम ने नया फुटब्रिज बनाकर लोगों को बड़ी राहत दी है। गुरुवार को मेयर सौरभ जोशी ने इस फुटब्रिज का उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्र के पार्षद जसबीर सिंह और नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। करीब 27 मीटर लंबा और 3 मीटर चौड़ा यह फुटब्रिज इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी सुरक्षित और सुगम आवाजाही मिल सके। इस परियोजना से सीधे तौर पर करीब 10 हजार स्थानीय निवासियों को लाभ मिलेगा, जो लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे। नगर निगम द्वारा लगभग 1.10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए इस फुटब्रिज के शुरू होने से लोगों की दैनिक आवाजाही अब आसान और सुरक्षित हो जाएगी। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। उद्घाटन के दौरान मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि नगर निगम शहर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्य शहर को अधिक सुगम और बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। वहीं, फैदां गांव के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रशासन का आभार जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस फुटब्रिज के बनने से उनकी रोजमर्रा की आवाजाही काफी आसान हो जाएगी और सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। यह परियोजना प्रशासन की विकासोन्मुखी सोच और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# मनीमाजरा पुलिस ने युवक को 8.47 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए मनीमाजरा क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.47 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों पर शहर के विभिन्न इलाकों में विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान 2 अप्रैल 2026 को थाना मनीमाजरा की टीम, जिसमें एएसआई मनीष और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे, ने दोपहर करीब 3:35 बजे सरकारी मॉडल हाई स्कूल, पॉकेट नंबर-8 के सामने कच्चे रास्ते के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। तलाशी के दौरान




आरोपी की पहचान मनीमाजरा शांति नगर निवासी मोहम्मद तालिब के रूप में हुई। उसके पास से 8.47 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इस संबंध में थाना मनीमाजरा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया और 3 अप्रैल 2026 को उसे अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# 'चंडीगढ़ में दिव्यांगजनों की बैठक, नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन'

पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अप्रैल। फिजिकली हैंडिकैप्ड एसोसिएशन पंजाब एंड चंडीगढ़ बैठक का आयोजन किया गया (पंजीकरण नंबर 136) की एक महत्वपूर्ण बैठक सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-41, चंडीगढ़ में आयोजित की गई, जिसमें चंडीगढ़ के लगभग 50 दिव्यांगजनों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चंडीगढ़ प्रशासन को दिव्यांगजनों की समस्याओं से अवगत कराना रहा। बैठक के दौरान दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही एसोसिएशन द्वारा अपने पदाधिकारियों का चुनाव भी संपन्न कराया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्री हरविंदर पाल सिंह को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया, जिन्होंने श्री विनोद नागपाल का स्थान लिया। अन्य नियुक्तियों में श्रीमती वीणा देवी को जिला सचिव, श्री अमृतजीत सिंह को संयुक्त सचिव, श्री रविंदर सिंह को कैशियर, श्री रमेश कुमार को प्रेस सचिव तथा श्री रवि को सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त श्री राकेश धीमान, श्रीमती कुलवंत कौर, श्री रिंकू शर्मा, श्री अरुण कुमार, श्री सुरिंदर सिंह और श्री अवतार सिंह को कार्यकारी सदस्य चुना गया। सभी निर्वाचित सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्री हरमेश कुमार कुरारी को चेयरमैन नियुक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री हरविंदर पाल सिंह और चेयरमैन श्री हरमेश कुमार कुरारी ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों का धन्यवाद किया तथा उन्हें विकलांगता अधिकार अधिनियम, 2016 को चंडीगढ़ प्रशासन के माध्यम से प्रभावी रूप से लागू करवाने का भरोसा दिलाया।



# राघव चड्ढा पर तरुण चुघ ने आप को घेरा, अमृतसर में बोले- नेताओं को 'यूज एंड थ्रो' करती है पार्टी, केजरीवाल का दोहरा चेहरा सामने आया




अमृतसर/यूटर्न/3 अप्रैल। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राघव चड्ढा पर की गई कार्रवाई को लेकर कहा कि आप पार्टी की राजनीति शुरू से ही 'यू एंड थ्रो' की रही है। चुघ ने आरोप लगाया कि नेताओं का इस्तेमाल कर पार्टी उन्हें बाद में किनारे कर देती है। चुघ ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका दोहरा चेहरा सामने आया है। आम आदमी पार्टी अब पूरी तरह से एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बन गई है। उन्होंने याद दिलाया कि पार्टी की शुरूआत में आशुतोष, किरण बेदी, एच.एस. फूलका, प्रशांत भूषण और शाजिया इल्मी जैसे प्रमुख चेहरे जुड़े थे, लेकिन अब वे सभी पार्टी से अलग हो चुके हैं। चुघ के अनुसार, यह पार्टी के भीतर लोकतंत्र की कमी को दर्शाता है।

## रेड कार्पेट संस्कृति फिर से लौटी

भाजपा नेता ने आप पर चुनावी वादे पूरे न करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वीआईपी कल्चर खत्म करने का वादा किया गया था, लेकिन अब लाल बत्ती और रेड कार्पेट संस्कृति फिर से लौट आई है। चुघ ने 'शीश महल' मामले का हवाला देते हुए इसे सरकारी धन की बर्बादी करार दिया।

## राज्य में कानून-व्यवस्था विफल

तरुण चुघ ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। चुघ ने पिछले कुछ महीनों में हुए ग्रेनेड हमलों का जिक्र करते हुए दावा किया कि पंजाब में अपराध और माफिया का प्रभाव बढ़ रहा है। चुघ ने घोषणा की कि भाजपा इन मुद्दों को लेकर पंजाब में शांतिपूर्ण धरने प्रदर्शन करेगी और सरकार से जवाब मांगेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनता की चिंताओं का समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी अपने आंदोलन को और तेज करेगी।

# पंजाब- महिलाओं को 1000 रुपए देने का नोटिफिकेशन जारी, राज्य का आधार और वोटर कार्ड जरूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/3 अप्रैल। पंजाब में मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना का नोटिफिकेशन सरकार ने जारी कर दिया है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर की जनरल वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और रउ वर्ग की महिलाओं 1,500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। 8 मार्च को बजट में योजना का ऐलान किया गया था। पंजाब का आधार कार्ड और वोटर कार्ड होना जरूरी है। 13 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। पंजीकरण आंगनबाड़ी केंद्रों और सेवा केंद्रों पर किया जाएगा, जो पूरी तरह फ्री होगा। योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे भेजी जाएगी।



## मौत होने पर अगली किस्त रुकेगी

योजना के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई-लेवल कमेटी का गठन किया गया है। पंजीकरण और जागरूकता के लिए सरकार 'मोबिलाइजर' और 'फैसिलिटेटर' (सुविधा प्रदाता) भी तैनात कर सकती है। यदि किसी लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है, तो पहले से दी गई सहायता राशि की वसूली नहीं की जाएगी, लेकिन अग

Uturn Time 04 Apr 2026_Layout 2 03-04-2026 22:57 Page 11



# अमलाला गांव में अवैध माइनिंग के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन जारी, भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी ने दिया समर्थन

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 मार्च। डेराबस्सी के गांव अमलाला में अवैध माइनिंग के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। इलाके के लोगों द्वारा माइनिंग माफिया के खिलाफ पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को इस आंदोलन को उस समय और मजबूती मिली जब हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी गुरदर्शन सिंह सैणी विशेष रूप से धरने में शामिल हुए।



धरना दे रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डी-सिल्टिंग के नाम पर घग्गर नदी से बड़े स्तर पर अवैध रेत खनन किया जा रहा है। भारी-भरकम टिपरों की आवाजाही के कारण नदी पर बना पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार यह पुल कारसेवा घड़ाम वाले बाबा द्वारा लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था, लेकिन अब इसकी हालत काफी खराब हो गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अवैध माइनिंग पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई तो पुल किसी भी समय गिर सकता है, जिससे पूरे क्षेत्र का संपर्क टूट सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है।

इस दौरान मौके पर पहुंचे गुरदर्शन सिंह सैणी ने कारसेवा से जुड़े सेवादारों और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने लोगों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के लिए हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिया, ताकि लोगों को आवाजाही में दिक्कत न हो। धरने में मौजूद लोगों और नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि अवैध माइनिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए। प्रदर्शनकारियों ने साफ किया कि जब तक माइनिंग पूरी तरह बंद नहीं होती और पुल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर जिला ओबीसी प्रधान हरप्रीत सिंह टिंकू, प्रदीप पाल सिंह, पुष्पिंदर मेहता, मेजर सिंह परागपुर, दविंदर सिंह धनौनी, सन्नत भारद्वाज, हरदीप सिंह सैणी, रिंकू जनेतपुर और ढेरू लंबरदार सहित बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के लोग मौजूद रहे।

# छुट्टी वाले दिन भी खुलेंगे सेवा केंद्र, लोगों को मिलेगी निरंतर सेवाएं: डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन

## 8 अप्रैल को छुट्टी वाले दिन सभी सेवा केंद्र रहेंगे खुले

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 8 अप्रैल, बुधवार (छुट्टी वाले दिन) को जिले के सभी सेवा केंद्र आम कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोग इस दिन भी सेवा केंद्रों में जाकर अपने जरूरी कार्य आसानी से करवा सकते हैं।



डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 3 अप्रैल, शुक्रवार को भी छुट्टी के बावजूद सेवा केंद्रों को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खोला गया था, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करना है, ताकि उन्हें अपने कार्यों के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी सेवा केंद्र हर शनिवार को भी नियमित रूप से खुले रहते हैं। इसके अलावा प्रत्येक रविवार को भी कुछ चयनित सेवा केंद्रों में सेवाएं जारी रहती हैं। इनमें सेवा केंद्र जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स होशियारपुर, सेवा केंद्र एसडीएम कॉम्प्लेक्स मुकेरियां, सेवा केंद्र एसडीएम कॉम्प्लेक्स गढ़शंकर, सेवा केंद्र लंगरपुर (दसूहा) तथा सेवा केंद्र तहसील परिसर टांडा के एक-एक काउंटर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहते हैं।

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और छुट्टी वाले दिनों में भी अपने जरूरी कार्य समय पर निपटाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हमेशा नागरिकों को सहज, सुगम और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन ने आंगनवाड़ी सेंटरों के लिए खरीदे गए फोन रूरल डिपार्टमेंट को देने का विरोध किया है

- माताओं, बेटियों और सम्मान स्कीम में आंगनवाड़ी वर्कर्स तभी ऑनलाइन डेटा जमा करेंगी जब सरकार स्मार्ट फोन देगी - गुरमीत कौर गोनियाना

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/03 अप्रैल। आज यहां प्रेस को एक बयान जारी करते हुए ऑल पंजाब आंगनवाड़ी एम्प्लॉइज यूनियन की स्टेट जनरल सेक्रेटरी गुरमीत कौर गोनियाना ने कहा कि आंगनवाड़ी न्यूट्रिशन कैंपेन के तहत आंगनवाड़ी सेंटरों में देने के लिए सरकार ने जो स्मार्ट फोन खरीदे थे, वे अब सर्वे करने के लिए रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 13 अप्रैल को



जो माताओं और बेटियों सम्मान स्कीम शुरू कर रही है, उसमें आंगनवाड़ी वर्कर्स से जो फॉर्म उनके फोन से भरने के लिए कहा जा रहा है, वे आंगनवाड़ी वर्कर्स अपने पर्सनल फोन से नहीं भरेंगी। अगर सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स को न्यूट्रिशन कैंपेन के तहत खरीदे गए स्मार्ट फोन देती है, तभी ये स्कीम के फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने मांग की कि इन फॉर्म को अपलोड करने के लिए आंगनवाड़ी वर्कर को कम से कम 100 रुपये प्रति फॉर्म दिए जाएं। सरकार ने मानदेय दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन काम करने का भी मानदेय नहीं दे रही है, जो बहुत दुखद है।

# सोनालिका ने रचा इतिहास: 1,80,504 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (सोनालिका एवं सोलिस) के संयुक्त प्रबंध निदेशक रमन मित्तल द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, कंपनी ने अपने 30वें वर्ष में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 1,80,504 ट्रैक्टरों की अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि कंपनी की निरंतर प्रगति, मजबूत टीमवर्क और साझेदारी की मिसाल भी है। कंपनी ने 50,000 ट्रैक्टरों से शुरूआत कर 1 लाख, फिर 1.5 लाख और अब 1.8 लाख ट्रैक्टरों के आंकड़े को पार करते हुए लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है।



रमन मित्तल ने कहा कि यह सफलता टीम की मेहनत, अनुशासित कार्यप्रणाली और आगे बढ़ते रहने की सोच का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कंपनी के विभिन्न विभागों ने मिलकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हर लक्ष्य को वास्तविक उपलब्धि में बदला है। उन्होंने अपने संदेश में कंपनी के कर्मचारियों, डीलर पार्टनर्स और विशेष रूप से किसानों का आभार व्यक्त किया, जिनके विश्वास ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत साझेदारी और विश्वास के साथ हर मंजिल आसान हो जाती है और अब कंपनी का लक्ष्य रुकना नहीं, बल्कि और आगे बढ़ना है। जब साथ ही इतना मजबूत हो, तो हर मंजिल पास लगती है - अब रुकना नहीं है।



Uturn Time 04 Apr 2026_Layout 2 03-04-2026 22:57 Page 12



# एफ-35 से इजेक्ट होने के बाद यूएस पायलट को आईआरजीसी ने पकड़ा; ईरान ने विमान गिराने का किया दावा

चंडीगढ़/यूटर्न/3 अप्रैल। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस का हवाला देते हुए बताया है कि यूएस एफ-15ई लड़ाकू विमान का एक अमेरिकी पायलट शायद ईरान की हिरासत में है। एफ-15ई को दक्षिणी ईरान के ऊपर मार गिराया गया था और ऐसी विश्वसनीय रिपोर्टें हैं कि अमेरिकी पायलट ईरान के ऊपर ही इजेक्ट हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस लड़ाकू विमान को शुक्रवार को इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मार गिराया था, और पायलट इजेक्ट होकर देश के अंदर ही उतरा। न्यूज एजेंसी ने यह भी बताया कि ऐसे संकेत मिले हैं कि यूएस सेनाओं ने, यह मानते हुए कि पायलट शायद ज़िंदा हो, एक कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए उसे ईरानी इलाके से निकालने की कोशिश की थी। हालाँकि, कुछ सूत्रों का कहना है कि पायलट को शायद ईरानी सेनाओं ने पकड़ लिया है। आईआरजीसी ने शुक्रवार सुबह घोषणा की कि मध्य ईरान के आसमान में एक दूसरे एफ-35 लड़ाकू विमान को आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के नए, आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। उसने बताया कि यह नष्ट हुआ लड़ाकू विमान लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। आईआरजीसी ने बताया कि घुसपैठ करने वाला यह लड़ाकू विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और क्रैश हो गया है।



## एयर-डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया

यह घटना तब सामने आई जब ईरान ने आरोप लगाया कि एक दूसरे यूएस पाँचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू विमान को मध्य ईरान के ऊपर इस्लामिक रिपब्लिक के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक आधुनिक एयर-डिफेंस सिस्टम ने निशाना बनाकर मार गिराया। सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने ईरान के 'खातम अल-अनबिया मुख्यालय' के प्रवक्ता के बयान का हवाला देते हुए बताया कि इस विमान को आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के एक नए एयर-डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया था।

# पोलियो उन्मूलन रोटरी की सर्वोच्च प्राथमिकता: बाबालोला

## ट्राईसिटी दौरे के दौरान वैश्विक लक्ष्यों और योजनाओं पर डाली रोशनी

जीरकपुर/यूटर्न/03 अप्रैल। रोटरी इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट-इलेक्ट ओलायिंका हकीम बाबालोला ने कहा कि पोलियो उन्मूलन संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास जारी हैं। वह ट्राईसिटी दौरे के दौरान जीरकपुर स्थित होटल पार्क प्लाजा में आयोजित 'सृजन 2026 - ए न्यू बिगनिंग' कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रोटरी आने वाले पांच वर्षों में अपनी सदस्यता बढ़ाकर 1.25 मिलियन करने का लक्ष्य रखती है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी जैसे क्षेत्रों में काम को और मजबूत किया जाएगा।



इस मौके पर रोटरी इंटरनेशनल के डायरेक्टर (2025-27) के.पी. नागेश और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-इलेक्ट डॉ. रीता कालरा भी उपस्थित रहीं।

बाबालोला ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों पर चिंता व्यक्त करते हुए शांति की अपील की। उन्होंने कहा कि राजनेताओं को मानवता के हित में संघर्ष समाप्त करने के लिए आगे आना चाहिए। रोटरी युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि ट्राईसिटी में 'एआई फंक्शनल लिटरेसी फॉर यूथ' प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है, जिससे युवाओं को डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी स्किल्स सिखाई जाएंगी। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण, डिजिटल सुरक्षा, स्किलिंग और 'हैप्पी स्कूल्स' जैसी पहलों पर भी कार्य जारी है। दो दिवसीय लीडरशिप सेमिनार में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ से 500 से अधिक रोटरी लीडर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सत्र 2026-27 के लिए नेतृत्व को तैयार करना है। इस अवसर पर डाक विभाग, चंडीगढ़ द्वारा एक विशेष कवर भी जारी किया गया, जिसे कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया।

# डीटीबीए सेल्स टैक्स टीम ने अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर की विस्तृत चर्चा

लुधियाना/यूटर्न/3 अप्रैल। जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन (डीटीबीए) सेल्स टैक्स टीम के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान अरुण कंवल की अगुवाई में स्टेट टैक्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर बार सदस्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कमिश्नर स्टेट टैक्स रणधीर कौर, एसीएसटी लुधियाना-5 हरसिमरत कौर तथा असिस्टेंट कमिश्नर साउथ डिवीजन कमलजीत सिंह से बार सदस्यों को पेश आ रही समस्याओं और विभागीय कार्यप्रणाली से जुड़े अन्य मुद्दों से अवगत कराया। साथ ही, इन समस्याओं के समाधान के लिए अपने सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रखे गए। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रधान अरुण कंवल के अलावा उपप्रधान चंद्र सहगल, महासचिव अशोक वढ़ेरा, वित्त सचिव प्रिंस विवेक, संयुक्त सचिव सुतीक्ष्ण टंडन सहित अशोक चावला, सरविंदर बहल, मनोज बजाज और राजकुमार शर्मा भी शामिल रहे। डिप्टी कमिश्नर रणधीर कौर ने आश्वासन दिया कि विभाग करदाताओं और वकीलों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# अबू धाबी में मिसाइल रोकने के बाद गिरे मलबे से 5 भारतीय, 7 नेपाली घायल



चंडीगढ़/यूटर्न/3 अप्रैल। अबू धाबी सरकार के मीडिया कार्यालय ने बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मिसाइल को रोके जाने के बाद अजबान इलाके में मलबा गिरने से घायल हुए 12 लोगों में पांच भारतीय और 7 नेपाली नागरिक शामिल हैं। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि अल अहमदी पोर्ट रिफाइनरी को ड्रोन से निशाना बनाया गया, जिससे कई ऑपरेशनल यूनिट्स में आग लग गई। इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कॉर्पोरेशन ने पुष्टि की कि आपातकालीन और अग्निशमन टीमों ने बचाव योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है और वे आग को काबू करने तथा उसे फैलने से रोकने के लिए काम कर रही हैं। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया कि अबू धाबी में, हवा से आए एक खतरे को रोके जाने के बाद उसका मलबा अबू धाबी की हबशान गैस सुविधाओं पर गिरा।

## युद्ध लगातार बढ़ रहा

मध्य पूर्व में युद्ध दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है और इसका असर उन देशों में भी महसूस किया जा रहा है जो सीधे तौर पर इस संघर्ष में शामिल नहीं हैं। बहरीन द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश किए गए एक प्रस्ताव के मसौदे में, यदि इसे मंजूरी मिल जाती है, तो देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक रक्षात्मक उपाय करने की अनुमति होगी। उठठ से बात करते हुए एक खाड़ी अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा परिषद आज इस प्रस्ताव पर मतदान कर सकती है। अधिकारी ने यह भी बताया कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत की थी और ऐसी उम्मीद है कि रूस इस प्रस्ताव को नहीं रोकेगा।

## बहरीन ने ईरानी हमले की निंदा की

बहरीन ने इस सप्ताह की शुरूआत में एक इंफ्रास्ट्रक्चर साइट पर हुए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुसार, इस हमले का निशाना एक अमेजोन डेटा सेंटर था। बहरीन के एक अधिकारी ने बताया कि यह हमला हमाला स्थित टेलीकॉम कंपनी बैटलको के मुख्यालय पर हुआ। उन्होंने इसे ₹बहरीन के संप्रभु क्षेत्र और उसके नागरिक आर्थिक संपत्तियों के खिलाफ एक गंभीर और जानबूझकर किया गया आक्रामक कृत्य₹ बताया।

## डेटा सेंटर पर हुआ हमला

इस बीच, दुबई मीडिया कार्यालय ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि दुबई में ड१ू ी डेटा सेंटर पर ईरानी हमले के बारे में चल रही खबरें झूठी हैं। उसने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह बात कही। वअए ने ईरानियों के प्रवेश और ट्रांज़िट पर रोक लगाई: जैसे-जैसे संघर्ष बढ़ रहा है, संयुक्त अरब अमीरात ने ईरानी नागरिकों के प्रवेश और ट्रांज़िट को निलंबित कर दिया है; प्रमुख एयरलाइनों ने भी इन प्रतिबंधों की पुष्टि की है। एयरलाइनों एमिरेट्स, एतिहाद और कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाईदुबई ने अपनी वेबसाइटों पर इसकी घोषणा की।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।